विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन

email registrarvikram.@gmail.com

सूचना

क्रमांक/कुका/परीक्षा/क्यू-2/2023 उज्जैन, दिनांक 21.05.2023

वार्षिक पुरानी पद्धति से बीए/ बीएससी/ बीकाम/ बीएचएससी/ बीबीए/ बीसीए/ बीकाम आनर्स के प्रथम वर्ष उत्तीर्ण पूर्वछात्र/ स्वाध्यायी विद्यार्थी एवं द्वितीय वर्ष ओल्ड पद्धति से अनुत्तीर्ण/ पूरक प्राप्त/ पूर्व विद्यार्थियों के लिये द्वितीय वर्ष की परीक्षा हेतु दो प्रकार के विकल्प है-

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत परीक्षा 2. ओल्ड पद्धति के अंतर्गत परीक्षा

विकल्प 1

विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा पूर्व में जारी संशोधित अधिसूचना क्रमांक परीक्षा 2023/540/ दि. 10-3-2023 के संदर्भ में पुनः स्पष्ट किया जाता है कि ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने स्नातक द्वितीय वर्ष हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत परीक्षा आवेदन किया है, निर्धारित समय सारणी अनुसार दि. 23 मई 2023 से आयोजित हो रही परीक्षा में उपस्थित हो सकेंगे तथा इसी आवेदन पत्र को प्रवेश पत्र के रूप में महाविद्यालय स्तर पर मान्य किया जाएगा ।

ऐसे विद्यार्थियों हेतु उपस्थिति पत्रक (अटेस्टेशन फॉर्म) ऑफलाइन मोड में महाविद्यालय स्तर पर ही तैयार किए जाकर विद्यार्थियों से प्रश्नपत्र वार प्रविष्टि करवाई जाएगी ।

ऐसे विद्यार्थी पूर्व की परीक्षा के अनुक्रमांक (रोल नंबर) एवं नामांकन का उपयोग करेंगे ।

महाविद्यालय विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल अलग से तैयार कर नियमित विद्यार्थियों के बंडल के साथ रखकर ही विश्वविद्यालय को प्रेषित करेंगे ।

विकल्प 2

स्नातक द्वितीय वर्ष के ऐसे विद्यार्थी जो पूर्व में अनुत्तीर्ण होकर पूर्व छात्र के रूप में है, यदि वे चाहें तो विकल्प 2 (पुरानी पाठ्यक्रम पद्धति की परीक्षा) में सम्मिलित हो सकेंगे । द्वितीय वर्ष हेतु ओल्ड कोर्स से परीक्षा की तिथियां बाद में घोषित की जायेंगी।

सभी महाविद्यालय द्वितीय वर्ष में बैठने वाले ऐसे विद्यार्थी जो पूर्व पुरानी पद्धति की परीक्षा में परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं, जिन्होंने पूर्व की पद्धति से स्नातक प्रथम वर्ष किया है तथा द्वितीय वर्ष की परीक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अथवा ओल्ड पद्धति के अंतर्गत परीक्षा सम्मिलित हो रहे हैं उनकी सूची अलग से सूचित करेंगे।

कुलसचिव

प्रतिलिपि-

1. अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा की ओर सूचनार्थ एवं व्हाटसअप समूह में प्रसारित करने हेतु निवेदन।
2. परीक्षा नियंत्रक की ओर सूचनार्थ एवं निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित
3 माननीय कुलपतिजी के निज सचिव की ओर सूचनार्थ

कुलसचिव